सीतामढ़ी में जाली नोटों के कारोबार का भंडोफोड़, नकली नेपाली-इंडियन करेंसी और डॉलर भी बरामद

SITAMARHI: सीतामढ़ी में पुपरी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्रा में जाली नोट के साथ 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक प्रिंटर और बेलेनो कार भी जब्त किया गया है। इनके पास से जाली नेपाली और इंडियन करेंसी के साथ-साथ नकली डॉलर भी बरामद किया गया है।

मामले में पुपरी एसडीपीओ अतनु दत्ता ने बताया कि पुपरी थानाध्यक्ष संजय कुमार को इस बात की जानकारी मिली थी कि कुछ जाली नोटों के कारोबारी पुपरी बाजार समिति के पास जमा हैं जो जाली नोटों की बड़ी खेप लेकर कहीं जाने वाले हैं। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बाजार समिति पहुंच कर दो लोगों को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की।

जिसके बाद नगर परिषद वार्ड 6 में आलोक कुमार के घर छापेमारी कर प्रिंटर और जाली नोट बरामद किया। वहां से एक बोलेनो कार भी जब्त किया। कार से भी जाली नोटों का बंडल बरामद किया गया है। पुलिस ने उन लोगों के पास से नेपाली जाली करेंसी आठ लाख साठ हजार, इंडियन करेंसी अठारह लाख तीन हज़ार 500 व कुछ विदेशी डॉलर भी बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों में अवनीत कुमार, विकास कुमार व सुशील कुमार शामिल हैं। इन पकड़े गए आरोपियों के पास से मिले पांच मोबाइल से भी मामले में उद्भेदन होने की उम्मीद है।

Source: https://firstbihar.com/news/sitamarhi-me-jali-noto-ke-karobar-ka-bhandafor-960041